## भाग–3

( संबंधित वन संरक्षक द्वारा भरा जाना है, )

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | स्थल जहां की वन भूमि शामिल की गयी है, क्या इसका संबंधित वन संरक्षक ने निरीक्षण किया है, ( हां या नहीं), यदि हां तो निरीक्षण की तारीख और किये गये प्रेक्षणों को निरीक्षण नोट के रूप में संलग्न करें। | – | नहीं। |
| 15. | क्या संबंधित वन संरक्षक भाग– ख में दी गयी सूचना और उप वन संरक्षक के सुझावों से सहमत है। | – | हॉं। |
| 16. | प्रस्ताव की स्वीकृति या अन्यथा के बारे में संबंधित वन संरक्षक की विस्तृत कारणों के साथ विशेष सिफारिशें। | – | प्रभागीय निदेशक, सा0 वा0 प्रभाग, बिजनौर द्वारा दी गयी आख्या से सहमति व्यक्त करते हुए प्रस्ताव संस्तुति सहित प्रेषित हैं। |

तिथि : 12/5/17

स्थान : mbd

(आर0पी0 वर्मा)

नाम व पदनाम वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक

सरकारी मोहर मुरादाबाद क्षेत्र मुरादाबाद।

## कार्यालय वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

पत्रांक -3181 / 14-1 दिनांक, मुरादाबाद, 12 मई, 2017

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषय :- जनपद बिजनौर में धामपुर-नूरपुर मार्ग (एम0डी0आर0-03) किमी0 30.336 की बांयी पटरी पर खसरा संख्या-205/1, ग्राम नूरपुर तहसील चॉदपुर जिला बिजनौर में मै0 एस्सार आयल लि0 नोएडा द्वारा पैट्रोल/डीजल पम्प हेतु सम्पर्क मार्ग के निमार्ण में प्रभावित 0.0697 है0 संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति।

सन्दर्भ :- प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, बिजनौर की पत्र संख्या-3349/14-1, दिनांक 20-04-2017.

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के कम में अवगत कराना हैं कि जनपद बिजनौर में धामपुर-नूरपुर मार्ग (एम0डी0आर0-03) किमी0 30.336 की बांयी पटरी पर खसरा संख्या-205/1, ग्राम नूरपुर तहसील चॉदपुर जिला बिजनौर में मै0 एस्सार आयल लि0 नोएडा द्वारा पैट्रोल/डीजल पम्प हेतु सम्पर्क मार्ग के निमार्ण में प्रभावित 0.0697 है0 संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियम-1980 के प्राविधानों के अनुसार शासन को भेजा जाना है।

अतः प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, रामपुर द्वारा विषयक कम में दी गयी आख्या से सहमति व्यक्त करते हुए प्रस्ताव संस्तुति सहित 3 प्रतियों में संलग्न कर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं।

**संलग्नक – 3 प्रतियां।**

भवदीय,

(आर0 पी0 वर्मा)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

**पत्रांक– / 14–1, उक्तदिनांकित।**

**प्रतिलिपि :-** प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, बिजनौर को सन्दर्भित पत्र के कम में इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आप अपने माध्यम से विषयक प्रस्ताव (इस कार्यालय से प्राप्त कर) मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय में यथाशीघ्र/तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(आर0 पी0 वर्मा)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।